for a minute? The Finance Minister wants to lay Supplementary Demands for Grants (General) on the Table.

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 2006-07

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, with your permission, I lay on the Table a Statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2006-07 (Third Batch).

THE BUDGET (RAILWAYS), 2007-2008 & GOVERNMENT RESOLUTION

Approving the Recommendations Contained in the Fifth Report of the Railway Convention Committee (2004)—Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): How many more minutes will you take, Mr. Mishra? You have already taken more than twenty minutes.

श्री कलराज मिश्र: मुझे कितना बोलना चाहिए?

उपसभाध्यक्ष (प्रो॰ पी॰जे॰ कुरियन): आप काफी बोल चुके हैं, I want you to control yourself.

श्री कलराज मिश्र: अभी माननीय मंत्री जी ने अपने भाषण के दौरान कहा था कि दुर्घटनाएं कम हुई हैं, लेकिन उन्हीं के रेल विभाग से जो साहित्य मुझे मिला है, उसमें मैंने जो आंकड़े देखे, उन आंकड़ों के आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि यह सही नहीं है। रेल मंत्री जी ने औसत के आधार पर बताया है कि दुर्घटनाओं में कमी हुई है और वर्ष 2004-05 का औसत 0.29 से घटकर इस वर्ष 0.28 रह गया है। समपारों पर दुर्घटना और गाड़ियों में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। वर्ष 2004-2005 में समपारों पर दुर्घटनाएं 70 थीं, वर्ष 2005-06 में 75 दुर्घटनाएं हुई, वर्ष 2004-05 में आग लगने की घटनाएं 10 थीं, 2005-06 में आग लगने की घटनाएं 15 हुई, रेल दुर्घटनाओं में घायलों और मृतकों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। वर्ष 2004-05 में मृतकों की संख्या 50 थी, वर्ष 2005-06 में मृतकों की संख्या 168 थी, 2004-05 में घायलों की संख्या 191 थी, 2004-05 में घायलों की संख्या 483 थी। माननीय मंत्री जी ने जो भाषण किया है, उसको हम सत्य मानते हैं, लेकिन जो आंकड़े आए हैं, जो रेल विभाग की तरफ से दिए गए हैं, इन आंकड़ों के द्वारा उन्हीं की बात खंडित होती है। इसमें कहां कमी है, इसको देखने की आवश्यकता है कि किसके द्वारा मान्यवर मंत्री जी द्वारा यह बात कही गई कि दुर्घटनाओं में कमी हुई है। इसको देखना चाहिए और दुर्घटनाओं